यूक्रेन से आने वालों की सुविधा के लिये कमेटी गठित

सवाई माधोपुर। जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ओला ने रूस एवं यूक्रेन के मध्य तनाव की स्थिति होने के कारण रूस और यूक्रेन से भारत आने वाले सवाई माधोपुर जिले के निवासियों के लिये नि:शुल्क आवास/भोजन एवं परिवहन आदि की सुविधा उपलब्ध करवाए जाने के लिये अधिकारियों की कमेटी गठित की है। जिला मजिस्ट्रेट ओला ने कहा कि रूस एवं यूक्रेन से आने वाले आगंतुक एवं उनके अभिभावक जिला कलेक्टर कार्यालय के कंट्रोल रूम नम्बर 07462-220602 पर संपर्क स्थापित कर सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने गठित कमेटी में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सूरज सिंह नेगी को नोडल अधिकारी नियुक्त कर समस्त प्रकार के पर्यवेक्षण संबंधी कार्य करने के निर्देश दिये है। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, इनका दायित्व रेसिडेन्ट कमिश्नर, नई दिल्ली से सम्पर्क स्थापित कर सवाई माधोपुर जिले के आगन्तुकों की सूची प्राप्त करना होगा। इसी प्रकार उप निदेशक कृषि (आत्मा) सवाई माधोपुर को कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है।

स्वयं सेवकों को सेवा कार्यों के लिए प्रेरित किया

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। शहर के चौपड सर्किल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। शिविर के उदघाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह ने ध्वजा रोहण कर शिविर का विधिवत शुभारम्भ किया।

इस दौरान उन्होंने अपने उदबोधन में स्वयं सेवकों को सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रतिभा शर्मा ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मसिंह तहसीलदार सूरौठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना विनोद कुमार शर्मा ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और शिविर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य शर्मा ने अपने उदबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और महत्वों को विस्तार से समझाया। इस दौरान उन्होंने शिविर में उपस्थित सभी

उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह ने ध्वजा रोहण कर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का विधिवत शुभारम्भ किया।

प्रतिभागियों को समाज हित में किये जाने वाले कार्य जैसे आपदा प्रबंधन, साक्षरता, स्वच्छता, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, सामाजिक जागरूकता आदि कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालय अध्यक्ष रामसिंह जाटव ने किया। चित्रकला व्याख्याता अरविन्द धाकड ने मंच की साज सज्जा व शिविर में सहयोग के रूप में भूमिका निभाई। इस दौरान शारीरिक शिक्षा के व्याख्याता मुरारी लाल शाक्यवार सहित व्याख्याता बिजेन्द्र सिंह, सुनील गुप्ता, राजीव सहारिया, नानकचंद गुप्ता, आनन्द प्रकाश मीणा, प्रवीण जैन, अजय जैन, रविन्द्र राय, मनीष भारद्वाज आदि ने शिविरार्थियों को संबोधित किया।

यूक्रेन से आने वालों के लिए हाथ बढ़ाए

भरतपुर (निसं)। यूक्रेन में फंसे भरतपुर के छात्रों की मदद करने के लिए सरकार व जिला प्रशासन ने कमर कस ली हैं जिसके लिए केंद्र सरकार के द्वारा मिशन गंगा चालू किया हैं जो सेना द्वारा सेना के हवाई जहाज से वहां फंसे भारतीयों को लेकर भारत पहुंच रहा हैं। इसी तरह राजस्थान की सरकार ने भी अपने स्तर पर मदद के लिए टीम गठित की हैं और हेल्प लाइन नंबर के साथ अधिकारियो की तैनाती की हैं।

इस मिशन को अंजाम देने के लिए सभी जिले के अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए हैं जिसके तहत जिला कलक्टर आलोक रंजन ने भरतपुर शहर सहित जिले में अलग अलग टीमें गठित की है जो यूक्रेन में भरतपुर के पढ़ने वाले छात्रों और वहां रहकर कार्य करने वाले लोगो को राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा अपने घर तक पहुंचाने के लिए दी जा रही मदद के सम्बन्ध में उनके परिवार से संपर्क कर उनके बारे में जानकारी ली। इसके लिया जिला कलेक्टर ने आलोक रंजन ने एक टीम गठित की है जो शहर सहित ग्रामीण इलाको में रहने वाले उनके परिवारों से उनकी जानकारी मुहैया करा रही हैं।

सार-समाचार

इनामी बदमाश गिरफ्तार

करौली (निं.स)। करौली सदर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। सदर थाना अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौलिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण चंद्र यादव के निर्देशन में जिले में इनामी बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक 2 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है उन्होंने बताया कि गत 25 मई को धीर सिंह पुत्र शिव नारायण मीणा निवासी सिलपुरा ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 मई को रात में खेत में अपने ट्रैक्टर ट्रॉली को ले जाकर खड़ा कर वापस आकर मैं बाखर में सो गया पास में ही दूसरी चारपाई पर मेरी पत्नी जमुना बाई सो रही थी। लोकेश एवं चीकू पुत्र गिर्राज अंदर बाखर में घुस आए और मेरी पत्नी पर अवैध बंदूक से फायरिंग कर दी जिससे उसके दोनों हाथों में पैर,सिर, छाती में फायरिंग के छर्रे घुस गए जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच थाने के सब उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह के द्वारा की जा रही थी।

डॉ. बनय प्रदेश महामंत्री मनोनीत

भरतपुर (निसं)। राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संगठन (रूक्टा) की पूरे प्रदेश से आये लगभग 1000 से अधिक कॉलेज शिक्षकों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का ओपीएस की बहाली पर आभार व्यक्त किया। डॉ. बनय सिंह ने इस अवसर पर ओपीएस के लिए तथा ड्यू डेट से लम्बित सीएएस प्रकरण को दस दिन में पूरा करने के आश्वासन के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। रूक्टा के सभी सदस्यों की एक सामान्य बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। रूक्टा के नये महासचिव के रूप में डॉ. बनय सिंह, अध्यक्ष डॉ. रघुराज परिहार, संयुकत सचिव डॉ. हंसराज चौहान, उपाध्यक्ष डॉ. सुनीता पचौरी (राजकीय) व डॉ. मुदित गुप्ता (निजी महाविद्यालय) का चयन किया गया।

लोक अदालत 12 को

वैर। तालुका विधिक सेवा समिति वैर द्वारा 12 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए आमजन को पंपलेट वितरण कर जानकारी दी गई। सचिव घनश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 12 मार्च को प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जानी है।जिसके प्रचार प्रसार को लेकर ताल्लुका विधिक सेवा समिति वैर के सदस्यों ने न्यायालय परिसर में पक्षकारों व आमजन को पंपलेट वितरण कर जागरूकता कार्यक्रम चलाया।जिसमें लोगों को न्यायालय में लंबित प्रकरण,प्री लिटिगेशन प्रकरण में अधिक से अधिक राजीनामा करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभों के बारे में बताया गया।

महिलाओं को रोजगार सिखाया

करौली (निं.स)। प्योर इण्डिया ट्रस्ट मैनेजर खुश बिहारी व्यास ने बताया कि ट्रस्ट करौली जिले के द्वारा गांव व शहर की विधवा महिलाओं को ढूंढ ढूंढ कर उन्हें ट्रस्ट के संस्थापक प्रशान्त पाल के द्वारा रोजगार दिया जा रहा है। ट्रस्ट के मैनजर ने बताया की जरूरत मंन्द महिला को उसकी इच्छा अनुसार सिलाई मशीन, आटा चक्की,ब्यूटी पार्लर, कोंचिंग सेन्टर आदि का रोजगार दिया जा रहा है ट्रस्ट के द्वारा 35 से 40 महिलाओं को अब तक रोजगार उनकी इच्छा के अनुसार दिया है। गांव गांव जाकर महिलाओं को ट्रस्ट रोजगार उपलब्ध करता है।

बिना बजरी के तैयार किया जा रहा है 16 करोड़ से अधिक राशि से कैलादेवी सड़क मार्ग

करौली। करौली जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर गंगापुर मोड से लेकर कैलादेवी थाना तक तैयार किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य में बजरी की उपलब्धता नहीं होने से सड़क निर्माण कार्य में एमसैंड (रेता) का इस्तेमाल किया जा रहा है और कैलादेवी मेला नजदीक आने के कारण गंगापुर मोड से लेकर कैलादेवी थाना तक बनाए जा रहे सड़क मार्ग को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन गंगापुर मोड से लेकर कैलादेवी थाना तक हो रहे सडक निर्माण कार्य में बड़ी अनियमितता सामने आई है। जिसमें बजरी की उपलब्धता नहीं होने का हवाला देते हुए निजी ठेकेदार के द्वारा एमसैंड रेता को कंक्रीट के साथ सीमेंट में मिलाकर सडक पर बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जबकि अब सुप्रीम कोर्ट की ओर से बजरी से प्रतिबंध हटा दिया गया है लेकिन उसके बावजूद भी ठेकेदार बिना बजरी के सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने में लगे हुए हैं और इस 17 किलोमीटर लंबी कैलादेवी सड़क मार्ग का 16 करोड़ 13 लाख 80 हजार 808 का टेंडर पास हुआ है जिसमें से लगभग 7.5 किलोमीटर सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया जा चुका है। और इसके साथ ही 6.3 किलोमीटर डामर से निर्मित सड़क मार्ग का कार्य करवाया जा चुका है।

गौरतलब है कि 16 करोड़ से अधिक की राशि से बनाए जा रहे 16 किलोमीटर लंबी सड़क मार्ग को बनने में अब लगभग साढे 3 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है इस सड़क निर्माण कार्य के 9 दिसम्बर 2017 को टेंडर जारी किए गए और वर्ष 2019 में सड़क मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण करने के आदेश दिए गए।

मकान से जेवर व नकदी पार

बयाना। बयाना क्षेत्र के गांव हरनगर में बीती रात्रि को अज्ञात चोर गिरोह एक मजदूर के छप्परपोष घर पर धावा बोलकर घर में रखे बक्से को चुरा ले गए वहीं एक जनें के घर में खडी बाइक को उडा ले गए।

पीडित दिनेष कढेरा ने बताया कि वारदात का पता सुबह 4.30 बजे जागने पर लगा। पीडित ने बताया कि अज्ञात चोर उसके घर में रखे बक्से को चोरी कर ले गए जिसमें करीब 10 हजार रूपए नगद व सोने चांदी के जेवरात आदि को निकालकर चोरी कर ले गए। ग्रामीणों के सहयोग से सुबह तलाष करने पर खाली बक्सा व बक्से में रखे कपडे आदि सामान पास के एक खेत में बिखरे पडे मिले जिसमें से नगदी व सोने चांदी के जेवरात गायब थे।इसी प्रकार पीडित प्रहलाद धाकड ने बताया कि अज्ञात चोर बीती रात्रि को उसके घर मे खडी बाईक को चोरी कर ले गए है। जिसकी काफी तलाष के बाद भी अभी तक कोई पता नही लग सका है।

दो माह बाद भी नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। जानलेवा हमले के मुकदमे में 2 माह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने आईजी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।

- आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने आईजी को पत्र लिख न्याय की गुहार लगाई।

पत्र में उल्लेख किया है कि 19 जनवरी को गाँव खेड़ी हैवत में प्रार्थी एवं उनके परिजनों पर वही के निवासी कुम्हेर, भरतलाल, लक्ष्मण, कल्लन सहित कई लोगों ने जान लेवा हमला जिला अचानक हमला कर दिया। जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आई थी। इस मामले में सूरौठ थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने 2 माह बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। पत्र में लिखा है कि 04 फरवरी को जिला पुलिस अधीक्षक करौली, 12 फरवरी को जिला कलेक्टर करौली, 24 फरवरी को घ्ठ भरतपुर को शिकायत कर चुके है लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। आरोपी कुम्हेर पुत्र भरोसी खेड़ी हैवत अवैध शराब का कारोबारी है। पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस से पूछने पर कहा जाता है कि डॉक्टरों द्वारा मेडिकल नही दिया गया है।

इसलिए गिरफ्तारी नही हो रही है ऐसे प्रतीत होता है कि पुलिस की आरोपियों से नजदीकी है। इसलिए उसका नाम निकालना चाहती हैं एवं डॉक्टर और पुलिस आपस मे मिले हुए होने के कारण मेडीकल पेश नहीं कर रहे है। पीड़ित परिवार ने शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने व न्याय नहीं मिलने पर आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है।

अतिक्रमण व गंदगी को लेकर ज्ञापन सौंपा

बयाना। बयाना क्षेत्र के गांव मुर्रकी के वाषिंदो ने गांव के आम रास्ते पर असमाजिक तत्वों की ओर से गंदगी फैलाए जाने व अतिक्रमण करने को लेकर आज उपखंड अधिकारी कार्यालय के समक्ष उपसरपंच निरंजन सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी विनीता स्वामी को ज्ञापन सौंपा व गंदगी फैलाने वाले व अतिक्रमण करने वाले लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाही की मांग की। उपसरपंच के अनुसार उपखंड अधिकारी ने इस मामले में प्रभावी कार्रवाही करने का भरोसा दिलाया है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि कुछ असमाजिक तत्व गांव के आम रास्ते में गंदगी व रीको का आधौगिक कचरा फैलाकर आम रास्ते को अवरूद्ध कर रहे है और कहा सुनी करने पर उलटे ग्रामीणों को धमकाते है उन्होंने बताया कि इस कचरे के कारण गांव का रास्ता अवरूद्ध हो रहा है व आए दिन दुर्घटनाऐं भी होती है।

काशीपुरा गांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

करौली (निं.स)। यहां जिला मुख्यालय पर स्थित कलेक्ट्रेट में काशीपुरा गांव के ग्रामीणों ने पहुंचकर अतिक्रमण कर्ताओं के साथ सामान्य कार्यवाही करने की मांग करते हुए बताया कि काशीपुरा ग्राम पंचायत के काशीपुरा गांव मे अतिक्रमण करने वालों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस मिल चुके हैं जिनकी रिपोर्ट तहसीलदार के पास पहुंचने थी जिनमें से कुछ लोग अतिक्रमण हटाने को तैयार हो चुके हैं जबकि दो अन्य अतिक्रमियों ने अपने अतिक्रमण का पट्टा प्राप्त करने के लिए पटवारी को वकालतनामा पेश किया जा चुका है जिस पर काशीपुरा गांव के ग्रामीणों ने गोचर में देवस्थान की जमीन पर किए गए अतिक्रमण पर बिना भेदभाव के समान कार्यवाही करवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में त्रिलोक,रंजीत सिंह,रविंद्र सिंह राघव,जीतू सिंह राजपूत,सतराज,सूरज सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।गौरतलब है कि इससे पूर्व भी काशीपुरा गांव के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया गया और अब एक बार फिर जिला कलेक्ट्रेट में काशीपुरा गांव के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण करने वालों के साथ समान कार्यवाही करने की मांग की है।

सिलिकोसिस कैम्प में उमड़ी भीड़

बयाना। कस्बे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर केन्द्र में आज स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित किए गए विशेष सिलिकोसिस सहायता कैम्प में ग्रामीणों की भारी भीड उमड पडी। आयोजित किए गए इस कैम्प में सिलिकोसिस योजना का अनुचित लाभ उठाने के लालच में कई ऐसे लोग भी पहुंचे जिनका खनन कार्य या सिलिकोसिस बीमारी से दूर दूर का भी

- सिलिकोसिस बीमारी खनन मजदूरों के होती है जो एक जानलेवा बीमारी है : डॉ. हेमेन्द्र बंसल
- 'बीमारी पीड़ितों के उपचार के लिए योजनाएं सरकारी ने चलाई है'

कैम्प प्रभारी डॉ. हेमेन्द्र बंसल ने बताया कि सिलिकोसिस बीमारी खनन मजदूरों को होती है। जो जानलेवा बीमारी है। इस बीमारी से पीडित मजदूरों की जांच व परीक्षण करने और उनका पंजीकरण करने के लिए सरकार की ओर से 28 फरवरी से 23 मार्च तक विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत ऐसे मजदूरों का पंजीकरण व जांच कर सिलिकोसिस बीमारी पीडित मजदूरों की छटनी की जाएगी। इस बीमारी से पीडित मजदूरों के उपचार के लिए व परिवार के पालनपोशण के लिए सरकार की ओर से विशेष योजनाऐं चलाई गई है। आज वास्ता नही है और जिनका स्वास्थ्य एकदम स्वस्थ व हश्टपुश्ट है। इनमें कई पहलवानी करने वाले व पंचायतीराज जनप्रतिनिधी भी षामिल थे। जो अपना नाम पंजीकरण करवाने व चयन सूची में जुडवाने के लिए जुगाड लगाते भी देखे गए। किन्तु उनकी एक ना चल सकी। जांच टीम में षामिल एक्सरे प्रभारी सोहनसिह धाकड ने बताया कि आज 103 लोगों का पंजीकरण सिलिकोसिस जांच के लिए किया गया। जिनमें से 60 जनें प्राथमिक जांच में ही खारिज कर दिए गए और 43 जनों का संदिग्ध सिलिकोसिस मरीज के रूप में चिन्हित किया गया।

4 मकानों से लाखों रुपए की हुई चोरी

मासलपुर/करौली (निं.स)। एक ही रात में चोर चार मकानों से लाखों रुपए के जेवरात सहित नकदी को चुराकर ले गए जिसका मामला थाने में दर्ज कराया गया है।

मासलपुर-करौली सड़क मार्ग पर स्थित गाधौली गांव में सोमवार मंगलवार की रात चोरों ने घात लगाकर 4 मकानों से सोने चांदी के करीब लाखों रुपए के जेवरात सहित नगदी को चुराकर ले जाने में कामयाब हुए।

प्रात: जाग होने पर पता चला जिसकी सूचना मासलपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां उन्होंने चोरी की घटना का जायजा लेते हुए परिवार के लोगों से चोरी की वारदातों की जानकारी जुटाई गाधौली गांव के लोगों ने बताया कि रामस्वरूप प्रजापत,भगवान सिंह के मकान से 2 जोड़ी चांदी की पायजेब,2 जोड़ी कोंदनी,दो सोने की नथ,दो टीका सहित अन्य जेवरात और 12हजार की नकदी को इसी प्रकार टिल्लू मुसलमान के मकान से 2 जोड़ी पायजेब,सोने की माला,चुटकी सहित अन्य जेवरात और 8 हजार की नकदी को चुरा कर ले गए।

स्वैच्छिक रक्तदान की व्यवस्थाएं नहीं सुधरने की शिकायत की

करौली (निं.स) करौली अस्पताल में थैलेसीमिया,हीमोफीलिया एवं स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे ब्लड सैल अधिकारी ने अस्पताल कि व्यवस्थाओं पर अवगत कराते हुए कहा कि बजट की कोई कमी नहीं है। मगर यहां व्यवस्था नहीं सुधर रही।

करौली सामान्य चिकित्सालय के एएनएम ट्रेनिंग सेंटर के सभागार हॉल में थैलेसीमिया, हीमोफीलिया एवं स्वैच्छिक रक्तदान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में ना तो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और ना ही अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। यही नहीं कार्यशाला में राज्य सरकार की मंशा अनुरूप जिन लोगों को बुलाया गया उनकी उपस्थिति भी नगण्य थी। इसको लेकर ब्लड सैल ऑफिसर पवन कुमार शर्मा भरतपुर ने कहा कि यहां मैं 3 साल से लगातार यहा कार्यशाला कराता चला आ रहा हूँ। और 50हजार रुपये का इसके लिए बजट आता है। मगर कार्यशाला में फोटो लेने के लिए कोई कैमरामैन तक नहीं है। जबकि उसका भी बजट है यहां तो हर बार कार्यशाला करने के लिए एक अंधेरा कमरा ही मिलता है। और हीमोफीलिया एवं थैलेसीमिया के रोगियों को स्वास्थ्य विभाग एक भी प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करा पाया है। जिम्मेदार अधिकारियों के अनुपस्थित रहने से कुर्सियां खाली पडी हैं। उन्होंने कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक कार्यशाला का उद्देश्य सफल नहीं हो सकता। राज्य सरकार द्वारा मेरा प्रमाण पत्र मेरा सम्मान योजना के तहत उन्होंने प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। काफी देर चर्चा के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॅा. दिनेश मीणा, डिप्टी सीएओ अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूरणमल वर्मा कार्यशाला में पहुंचे जहां एक बार फिर से ब्लड सैल अधिकारी पवन कुमार ने दौहराया कि तीन बार की कार्यशाला के बाद अब जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां तो थैलेसीमिया के रोगियों को आयरन की मात्रा अधिक हो जाने पर उसे निकालने की दवा तक उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय के व्याख्याता सीताराम खंडेलवाल एवं डॉ. विश्राम बैरवा ने रक्तदान पर चर्चा करते हुए लोगों को और जागरूक करने एवं रक्तदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने पर चर्चा की मंच का संचालन लैब टेक्नीशियन अनिल कुमार शर्मा ने किया।

158 रक्त वीरों ने रक्तदान किया

गंगापुर सिटी। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एंप्लाइज यूनियन के तत्वाधान में आज मजदूर मसीहा स्वर्गीय उमराव मल पुरोहित की जन्म जयंती के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रेलवे अस्पताल में किया गया।

रक्तदान शिविर में 158 रक्त वीरों ने बडे उत्साह के साथ में आमजन के जीवन रक्षार्थ रक्तदान किया। शिविर का विधिवत उद्घाटन नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल ने फीता काटकर की। इससे पूर्व उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि सबसे बडा दान रक्तदान है कोरोना काल में रक्तदान की आवश्यकता का एहसास हर आम आदमी ने किया है।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(महारत्न कंपनी)
ल्यूब वितरक(कों) की नियुक्ति

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एक महारत्न केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और यह देश का सबसे बड़ा ल्यूब विक्रेता है। यह भारत की सबसे बड़ी ल्यूब बेस ऑयल रिफाइनरी का स्वामित्व रखता है और इसका संचालन करता है। एचपीसीएल में लोकप्रिय लुब्रिकेंट्स अर्थात मिल्सी, रेसर, लाल घोड़ा, एनको, गियर ड्राइव और नियोसिंथ की एक विस्तृत श्रृंखला है। एचपीसीएल निम्नलिखित रूप में विभिन्न स्थानों पर बाजार मार्केट में एचपी लुब्रिकेंट्स और ग्रीस बेचने के लिए ल्यूब वितरकों की नियुक्ति करना चाहता है:

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	बेस लोकेशन	बेस लोकेशन का राजस्व जिला	प्रति माह अपेक्षित मात्रा* (KL)	संचालन का क्षेत्र	एचपीसीएल क्षेत्रीय कार्यालय का पता	कोई प्रश्न हो तो कृपया हमारे निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क करें (स्थान के अनुसार)
राजस्थान	डूंगरपुर	डूंगरपुर	30	डूंगरपुर	एचपीसीएल ल्यूब क्षेत्रीय कार्यालय, तेल भवन, सहकार मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर - 302005	स. बिक्री प्रबंधक-बाजार ल्यूब:- विवेक कुमार मीणा मो. 8380096646 vivekkumar.meena@hpcl.in; मुख्य प्रबंधक-ल्यूब:- विमल शर्मा मो. 9414063820 vimalsharma@hpcl.in

*अपेक्षित मात्रा संबंधित स्थान के लिए वितरक से हमारी न्यूनतम अपेक्षा है।

पात्रता मानदंड, वित्तीय, इंफ्रास्ट्रक्चर, अन्य आवश्यकताएं और आवेदन करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट: **https://www.hplubricants.in** पर जाएँ। उसी वेबसाइट पर अपलोड किए गए ल्यूब वितरक चयन दिशानिर्देशों को ही दिशानिर्देशों के संबंधित विवरण के लिए संदर्भित किया जाना चाहिए।

कोई आवेदन शुल्क नहीं है। आवेदन उपरोक्त वेबसाइट में केवल ऑनलाइन मोड में किया जाना है। सभी प्रकार से पूर्ण किए गए आवेदन और सभी संलग्नक दिनांक 23 मार्च 2022 (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि) को 23:59 बजे से पहले वेबसाइट पर प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

यदि आपको किसी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है, तो कृपया आवेदन की अंतिम तिथि तक उपरोक्त सूची में कथित विवरण के अनुसार हमारे अधिकारियों से संपर्क करें।

INDIA'S LARGEST LUBE MARKETER

/hpcl /hpcl /hpcl www.hindustanpetroleum.com Wear reusable face cover or mask Wash hands frequently and thoroughly Maintain physical distance

दोहरे हत्याकांड का खुलासे की मांग पर तहसील मुख्य द्वार पर भैंस के आगे बीन बजाकर अनूठा प्रदर्शन किया

दोहरे हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर लोगों ने तहसील मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया।

बामनवास। उपखंड मुख्यालय पर पट्टी खुर्द में 18 फरवरी को हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा नहीं होने पर आक्रोशित लोगों द्वारा तहसील के मुख्य द्वार पर भैंस को खड़ा कर उसके आगे बीन बजाते हुए सांकेतिक अनूठा प्रदर्शन कर हत्याकांड खुलासे की ओर पुलिस प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। वही इस दोहरे हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर डॉक्टर शिवराज मीणा व हिंदू सनातन मंच के बुद्धि पंडित द्वारा जिला मुख्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला को हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस हत्याकांड का समय पर खुलासा नहीं होने से व्यथित आम लोगों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। वहीं दूसरी ओर उपखंड मुख्यालय पर आम लोगों द्वारा पट्टी खुर्द में टेंट व्यवसायी गिर्राज गौतम एवं उसके नौकर विपिन मीणा के दोहरे हत्याकांड का खुलासा नहीं होने के बाद तेजी से आक्रोश पनपता देखा जा रहा है। इस दोहरे हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन को रोज अवगत कराया जा रहा है।

न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, करौली

क्रमांक:दीवानी/2022/77

दिनांक: 23.02.2022

विविध दीवानी प्रकरण संख्या 05/22 आगामी पेशी-11.03.2022 पिटीशन अन्तर्गत धारा 7,12 गार्जीयन एण्ड वाईस एक्ट बाबत 1. खेलन्ती पुत्री स्व. भूरसिंह 2. सुमन पुत्री स्व. भूरसिंह 3. मोहित पुत्र स्व. भूरसिंह जरिये संरक्षक रामकुमेर पुत्र कुंवरलाल जाति-मीना निवासी-दौलतिया, तह व जिला करौली प्रार्थीगण बनाम 1. कुंवरलाल पुत्र गंजन मीना नि. दौलतिया, तह. करौली। 2. पंजाब नेशनल बैंक शाखा कैलादेवी। 3. बडौदा राज. क्षेत्रीय बैंक शाखा कैलादेवी। 4.हरखास आम अप्रार्थीगण यह है कि खेलन्ती, सुमन व मोहित नाबालिगो के पिता भूरसिंह का दिनांक 23.10.2021 एवं माता उर्मिला का दिनांक 03.11.2021 को स्वर्गवास हो जाने पर नाबालिग बच्चों का संरक्षक नियुक्त किये जाने के लिये रामकुमेर मीना ने गार्जीयन एण्ड वार्डस एक्ट के तहत यह प्रार्थना पत्र पेश किया है, अप्रार्थी नं. 01 ता. 03 ने प्रार्थना पत्र में शामिल होने से इन्कार किया है। अत: हर खास व आम को जरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि पिटीशन में किसी प्रकार का उज्र हो तो असालतन या वकालतन न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 11.03.2022 को अपने उज्र पेश करें अन्यथा मुकदमा मेरिट पर फैसल कर दिया जावेगा और वाद में कोई उज्र समाअत नही होगा। मेर हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगा कर आज दिनांक 23.02.2022 को जारी किया गया।

(मुहर) न्यायालय

पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष डोरी लाल शर्मा का अभिनन्दन किया

भरतपुर (निसं)। विप्र फाउन्डेशन के जिला कार्यालय चिचाना हाउस पुष्प वाटिका कोलोनी भरतपुर में पेंशनर समाज के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष डोरी लाल शर्मा का अभिनन्दन समारोह हुआ। यह समारोह श्री मित्र भारत समाज संस्थान के संस्थापक भगवत कटारा के सानिध्य में व विप्र फाउन्डेशन के जिलाध्यक्ष ताराचंद चिचाना की अध्यक्षता में एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर, श्री ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा, विप्र फाउन्डेशन के प्रदेश सचिव पूर्व पार्षद दयाचंद पचौरी, पेंशनर समाज के जिला कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम शरण के विशेष आतिथ्य में डोरी लाल शर्मा का फाउन्डेशन के जिलाध्यक्ष ताराचंद चिचाना के सानिध्य में हुआ।

डॉ. लोकेश शर्मा ने डोरी लाल शर्मा के कार्यो का बखान कविता के माध्यम से किया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर ने कहा कि डोरी लाल ने पेंशनर समाज की तो सेवा की ही है इसके अलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ चढकर कंधा से कंधा मिलाकर कार्य किया

भरतपुर में पेंशनर समाज के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष डोरी लाल शर्मा का अभिनन्दन किया।

है। इस अवसर पर दयाचंद पचौरी, वैध लक्ष्मन प्रसाद तिवारी, जिला महामंत्री जीवनलाल शर्मा, पुष्पेन्द्र लवानियां, भगवान सिंह मास्टर, जगदीश लवानियां, हेतराम शर्मा, जसवंत दारापुरिया, जितेन्द्र शर्मा टीटू, योगेश लाला, श्याम सुन्दर कटारा, सुनील पीढी ने डोरीलाल शर्मा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. हेमन्त शर्मा चिकित्सा अधिकारी पीपला, महावीर सिंह खोंकर, देवकी प्रसाद, हरीचरन शर्मा, छिद्दीमल शर्मा, येगेश सैंथरा, धर्मेन्द्र शर्मा, हेमराज शर्मा एडवोकेट, दीपेन्द्र गनेशिया, रामेश्वर दयाल शर्मा, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, नीरज शर्मा, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार श्याम सिंह जघीना ने किया।

सूचना

मैं गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री अशोक सिंह राजपूत निवासी महोली तह. जिला-करौली (राजस्थान) शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि आर्मी नं. 14429776A रैंक सेवानिवृत हवालदार मेरे पुत्र के रिलेशन प्रमाण पत्र में नाम DUSENDRA SINGH जन्म दिनांक 20-10-2006 गलती से दर्ज हो गया। जबकि पुत्र का सही नाम DUSHENDRA SINGH और जन्म दिनांक 19-07-2004 है। जो स्कूल में दर्ज है। मेरे पुत्र का सही नाम DUSHENDRA SINGH और जन्म दिनांक 19-07-2004 ही माना जावें।

नाम शुद्धिकरण

मैं सिया सिंह पुत्र श्री चिरमोली, जाति जाट निवासी- पीपलहेड़ा, पोस्ट तिघरिया, तहसील हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राजस्थान) भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सिपाही नंबर 2891693F, यूनिट 16, राजरिफ दिल्ली कैंट के आर्मी रिकॉर्ड में मेरे पुत्र नादान सिंह की जन्मतिथि गलती से 02.01.2002 दर्ज हो गई है। जबकि उसकी सही जन्मतिथि 12.12.2006 है। अत: मैं मेरे पुत्र नादान सिंह की मेरे आर्मी रिकॉर्ड में सही जन्मतिथि शुद्धिकरण कर 12.12.2006 दर्ज कराना चाहता हूं।